राहु ग्रह से संबंधित उपचार और दान आदि

राहु ग्रह को शांत, प्रसन्न और बलशाली बनाकर, राहु ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम या न के बराबर करने और शुभ प्रभावों को बढ़ाकर और शीघ्र प्राप्त करने के लिए राहु ग्रह के लिये निम्नलिखित सरल, प्रभावशाली और पर्यावरणहितैषी उपचार और दान आदि का अपनी क्षमता और सामर्थ्यानुसार प्रयोग में लाएं जैसे प्रत्येक माह के किसी शुभ मुहूर्त पर तुलसी, पीपल या कोई फलदार वृक्ष का पौधा लगाएं। शनिवार के दिन व्रत रखें। काले रंग की गाय पालें और उसकी सेवा करें। पक्षियों को पंचनाजा डालें। वृद्धों और मजदूरों की सेवा करें और उन्हें प्रसन्न रखें। राहु ग्रह की वैदिक रीति से पूजा करें या करवाएं। गोमेद रत्न या फिरोजा धारण करें, सप्तधान्य, कोयला, मूली, सरसों, कम्बल, उड़द, सीसा, नारियल, ताम्र पात्र, सरसों का तेल दान करें, महामृत्युंजय मंत्र का जप करें या करवाएं, सप्त अक्षरी मंत्र का जप करें, सुन्दरकाण्ड़ का पाठ करवाएं, हनुमान जी, दुर्गा जी, और नाग की पूजा करें आदि। नीली या नीली वस्तुओं का दान शनिवार के दिन करना चाहिए जैसे नीला कपड़ा, नीले रंग के वस्त्र, मिठाई, फल और घृत आदि। यदि सम्भव हो सके तो मुत्थंरा, कस्तूरी, लोबान, लाल चन्दन, बिल्व पत्र और तिल पत्र आदि के जल से स्नान भी करना चाहिए।